नया स्टॉर्मवाटर शुल्क

ब्रैम्पटन का स्टॉर्मवाटर शुल्क (Stormwater Charge) 1 जून, 2020 से लागू होगा। अधिकतर प्रॉपर्टी मालिक, अगस्त 2020 में अपने पानी के बिलों पर पहला स्टॉर्मवाटर शुल्क देखेंगे।

स्टॉर्मवाटर क्या है?

स्टॉर्मवाटर, जिसे अपवाह (रनऑफ) भी कहा जाता है, हमारी प्रॉपर्टीज से बहकर हमारी सड़कों पर और स्टॉर्मवाटर मैनेजमेंट सिस्टम (तूफान के पानी की प्रबंधन प्रणाली) में आने वाला बारिश का पानी और पिघली हुई बर्फ होती है। इस प्रणाली में 1400 किलोमीटर से अधिक स्टॉर्म सीवर पाइपें और 180 स्टॉर्मवाटर तालाब शामिल हैं।

मुझे यह फीस देने की जरूरत क्यों है?

ब्रैम्पटन में $1 बिलियन से अधिक का स्टॉर्मवाटर इंफ्रास्ट्रक्चर है, जो आपकी प्रॉपर्टी और हमारे पर्यावरण की रक्षा करता है। इसकी देखरेख के लिए एक वर्ष का खर्च $23 मिलियन आता है। स्टॉर्मवाटर फीस यह सुनिश्चित करेगी कि हम स्टॉर्मवाटर संबंधी सेवाओं के लिए समर्पित और स्थिर फंडिंग प्रदान कर सकते हैं, जो सार्वजनिक सुरक्षा में वृद्धि करती हैं, बाढ़ को और अपक्षरण को कम करती हैं तथा प्रॉपर्टी और पर्यावरण की रक्षा करती हैं।

मुझे कितनी फीस देनी होगी?

अधिकतर प्रॉपर्टी मालिकों के लिए, वार्षिक स्टॉर्मवाटर फीस, चार किश्तों में भुगतान करने के लिए, पानी के बिल में ही शामिल की जाएगी। यह फीस, आपकी प्रॉपर्टी से स्टॉर्मवाटर के अपवाह की मात्रा के आधार पर होगी। आपकी प्रॉपर्टी पर सतह, जितनी अधिक ठोस होगी, प्रॉपर्टी से आने वाले स्टॉर्मवाटर अपवाह की मात्रा, उतनी ही अधिक होगी।

सिंगल-फैमिली की रिहायश वाली प्रॉपर्टीज

प्रॉपर्टी संबंधी श्रेणी के आधार पर फ्लैट रेट।

रिहायशी प्रॉपर्टी संबंधी श्रेणी	छत के क्षेत्र का आकार (m^2)	फ्लैट रेट (प्रति वर्ष)
बहुत अधिक छोटी	23.4 - 105	$ 44.50
छोटी	106 - 140	$ 62.30
मध्यम	141 - 220	$ 89.00
बड़ी	221 - 250	$ 115.70
बहुत बड़ी	250 से अधिक	$ 160.20

गैर-रिहायश और मल्टी-फैमिली की रिहायश

वसूल किया जाने वाला शुल्क, प्रत्येक प्रॉपर्टी की ठोस सतह के प्रति वर्ग मीटर के आधार पर होती है

मल्टी-फैमिली की रिहायश / गैर-रिहायश प्रॉपर्टी संबंधी श्रेणी	यूनिट रेट (प्रति वर्ष)
प्रति वर्ग मीटर	$0.38

ऑनलाइन स्टॉर्मवाटर शुल्क अनुमानक (एस्टीमेटर) टूल से, आप अपना पता ढूंढकर, यह जांच कर सकते हैं कि आपके स्टॉर्मवाटर शुल्क की गणना कैसे की गई है।

यदि मुझे गलत ढंग से फीस लगा दी जाए, तो क्या होगा?

यदि आपको गलत ढंग से या फिर गलती से फीस लगाई गई है, तो आपको संशोधन के लिए निवेदन दाखिल करने की अनुमति दी जाएगी।

क्या छूटें उपलब्ध हैं?

कुछ प्रॉपर्टीज, सब्सिडी या फीस में कटौती के लिए योग्य हो सकती हैं।

मेरे बिल पर क्या दिखाया जाएगा?

रीजन ऑफ पील (Region of Peel) का पानी का बिल निम्नलिखित चीज़ें दर्शाएगा:

- ब्रैम्पटन स्टॉर्मवाटर शुल्क
- वसूल की जाने वाली रोज़ाना की दर
- बिल में शामिल किए दिनों की कुल संख्या
- स्टॉर्मवाटर शुल्क पर लागू कोई भी कटौतियां और
- भुगतान करने योग्य, कुल स्टॉर्मवाटर शुल्क की राशि।

स्टॉर्मवाटर फीस के बारे में अधिक जानकारी के लिए, **www.brampton.ca/stormwater** पर जाएं

311

30270-I-0079

BRAMPTON

20-0556